प्रदेश में 6,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी एएम ग्रीन्स

उत्तर प्रदेश में 9,700 करोड़ रुपये के निवेश को लेकर दावोस में हुए एमओयू

- 2,500 करोड़ रुपये का निवेश कर नेटवर्क विस्तार करेगी कोका कोला
- बेल्जियम की कंपनी ने 1,000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए किया करार

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ: स्विट्जरलैंड के दावोस नगर में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश में 9,700 करोड़ रुपये के निवेश को लेकर विभिन्न कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। डब्ल्यूईएफ की बैठक में अभी तक किए गए एमओयू के अनुसार एएम ग्रीन्स कंपनी प्रदेश में विमानन ईंधन की उत्पादन इकाई की स्थापना पर 6,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। वहीं कोका कोला कंपनी मून बेवरेजेस और एसएमएलजी बेवरेजेस के माध्यम से बाटलिंग प्लांटों व नेटवर्क विस्तार पर 2,500 करोड़ रुपये तथा बेल्जियम की कंपनी एबी इनबेव प्रदेश में बीयर उत्पादन के क्षेत्र में 1,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। बिसलेरी इंटरनेशनल लिमिटेड के साथ 200 करोड़ रुपये के निवेश को लेकर करार किया गया है।

इनवेस्ट यूपी के प्रवक्ता के अनुसार एएम ग्रीन्स के संस्थापक और सीईओ अनिल के चलमालासेट्टी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी शाहजहांपुर व पीलीभीत में प्लांट स्थापित करेगी। वहीं कोका कोला के कार्यकारी उपाध्यक्ष हेनरिक ब्रान ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। बीयर उत्पादन को लेकर हुए एमओयू पर एबी इनबेव के प्रतिनिधि कार्तिकेय शर्मा ने हस्ताक्षर किए। बिसलेरी इंटरनेशनल लिमिटेड की तरफ से विनिर्माण निदेशक वेंकट श्रीधर ने बाटलिंग प्लांट स्थापित करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए। पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनी हेनेकेन के साथ भी एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश और ज्यूरिख के बीच विमानन संबंधों को मजबूत करने को लेकर ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक डैनियल बिर्चर के साथ विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही ईटीएच ज्यूरिख और आरटीडीटी प्रयोगशाला के प्रोफेसर डा. एलेनी के साथ भी प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की गई। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और भू-स्थानिक सेवाओं को लेकर प्लैनेट लैब्स के सीईओ और सह-संस्थापक विलियम मार्शल के साथ भी प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने डाटा इंफ्रास्ट्रक्चर में संभावित निवेश और लखनऊ व नोएडा में डाटा केंद्रों का विस्तार करने के अवसरों पर सीटीआरएलएस के संस्थापक और सीईओ श्रीधर पिन्नपु रेड्डी, जेएसडब्ल्यू स्टील के प्रबंध निदेशक सज्जन जिंदल व सौर पीवी माड्यूल निर्माता कंपनी वारी एनर्जीज के चेयरमैन हितेश दोशी व लुलु ग्रुप के प्रबंध निदेशक यूसुफ अली से भी मुलाकात की है। इससे पहले प्रतिनिधिमंडल ने इंडिया पवेलियन के उद्घाटन समारोह में भी भाग लिया। इसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, सीआर पाटिल, राम मोहन नायडू, जयंत चौधरी और चिराग पासवान ने किया।